# मध्यप्रदेश बन सकता है, दूसरा वृंदावन : तोमर

## विधानसभा के मानसरोवर सभागार में कलाकारों ने दी कृष्णायन की प्रस्तुति




**भोपाल, 6 अगस्त. मप्र विधानसभा के मानसून सत्र का बुधवार को समापन हुआ. इस अवसर पर विधानसभा के मानसरोवर सभागार में कलाकारों ने कृष्णायन के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की जीवन की संपूर्ण कथा को सांगीतिक रूप से प्रस्तुत किया गया.**

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनके योगदान को रेखांकित करने के लिए कृष्णायन जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रभावशाली माध्यम है. इस प्रस्तुति में शामिल कलाकारों ने सराहनीय प्रदर्शन किया है. प्रदेश के ऐसे स्थानों जिनसे भगवान श्रीकृष्ण का संबंध है, उनके महत्व को भी ऐसी सांस्कृतिक प्रस्तुति से समझा जा सकता है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस प्रस्तुति के कलाकारों को एक लाख 11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने जहां सांदीपनि आश्रम उज्जैन में शिक्षा ग्रहण की, वहीं अमझेरा में विवाह संबंध, नारायणा धाम से सुदामा के साथ मैत्री और जानापाव में सुदर्शन चक्र प्राप्त करने के प्रसंग जन रुचि के हैं.

मुख्यमंत्री ने कृष्णायन के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के विभिन्न पक्षों की जानकारी वाद्य यंत्रों, ध्वनि, प्रकाश और आतिशबाजी के साथ रोचक ढंग से मंच पर प्रस्तुत किये जाने की प्रशंसा की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलाकारों को सम्मानित भी किया.

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश के साथ भगवान श्री कृष्ण का गहरा संबंध रहा है, जिसे जन-जन तक पहुंचाया जाए तो मध्यप्रदेश दूसरा वृंदावन बन जाएगा. विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने भजनों और गीतों के साथ की गई सुंदर प्रस्तुति के लिए समस्त कलाकारों को बधाई दी. कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, बैतूल विधायक हेमन्त खण्डेलवाल, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और मंत्री गण, विधायक गण सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे.

### इन कलाकारों ने दी प्रस्तुति

कृष्णायन प्रस्तुति में निर्देशक और प्रमुख कलाकार मोहित शेवानी के साथ ही अभिषेक बरथरे, शुभम, अंतिका विश्वकर्मा, श्रीजा उपाध्याय, हिमांशु पवार, विजय गौर, स्वप्निल, अनानंद, करन, दिव्यांश, राहुल, दिव्या, धनीराम, पंकज और ओमी शामिल थे.

# राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस पर गोहर महल में फैशन शो आज

**भोपाल.** गौहर महल में आयोजित सावन मेले में गुरुवार को 11वें राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस का आयोजन किया जा रहा है. तीन दिनों तक चलने वाले इस उत्सव का विशेष आकर्षण फैशन शो है. महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज इंदौर और भोपाल के सहयोग से आयोजित होने वाले इस शो में मध्यप्रदेश की पारंपरिक बुनाई शैलियों चंदेरी, महेश्वरी, बाग प्रिंट आदि पर आधारित परिधानों का प्रदर्शन करेंगी. यह फैशन शो आधुनिकता और परंपरा के संगम को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगा. फैशन शो शाम 7 बजे शुरू होगा. यह विशेष आयोजन मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग तथा भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है. आयोजन का उद्देश्य पारंपरिक हाथकरघा संस्कृति को प्रोत्साहित करना और बुनकरों के अमूल्य योगदान को सम्मान देना है. इस दौरान प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए पारंपरिक बुनकरों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने वर्षों से हाथकरघा परंपरा को जीवित बनाए रखा है.

# डॉ. रूपिंदर को बायोमेडिकल रिसर्च लीडर ऑफ द ईयर- इंडिया सम्मान



**भोपाल, 6 अगस्त. एम्स भोपाल की ट्रांसलेशनल मेडिसिन विभाग की प्रमुख और अनुसंधान की एसोसिएट डीन डॉ. रूपिंदर कौर कंवर को 'बायोमेडिकल रिसर्च लीडर ऑफ द ईयर - इंडिया' के प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया है. यह सम्मान उन्हें फॉरच्यूना ग्लोबल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स - इंडिया एडिशन के अंतर्गत प्रदान किया गया.**

इसके साथ ही उन्हें फॉरच्यूना ग्लोबल 100: द पावर लिस्ट 2025 में भी शामिल किया गया, जिसकी घोषणा टाइम्स स्क्वायर, न्यूयॉर्क में की गई. फॉरच्यूना ग्लोबल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे विश्वसनीय सम्मानों में माना जाता है, इस सूची में उन्हें उनकी दूरदर्शिता और मूल्य आधारित नेतृत्व के लिए सम्मानित किया गया है. डॉ. कंवर को नैनोमेडिसिन, पुनर्योजी चिकित्सा, ट्रांसलेशनल रिसर्च और ड्रग डिस्कवरी में उनके प्रभावशाली अनुसंधान कार्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है.

> उन्होंने अब तक 300 से अधिक शोध प्रकाशित किए हैं, जिनमें 133 उच्च प्रभाव वाले जर्नल लेख, 26 पुस्तक अध्याय, और 22 अंतरराष्ट्रीय पेटेंट शामिल हैं जो अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सिंगापुर और न्यूज़ीलैंड में दर्ज किए गए हैं. वर्तमान में वे एम्स भोपाल में ट्रांसलेशनल रिसर्च को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही हैं. वर्ष 2024 में उन्होंने भारत का पहला एमएससी इन ट्रांसलेशनल मेडिसिन कार्यक्रम शुरू किया. उन्होंने ऐसे शोध और निदान प्लेटफॉर्म विकसित किए हैं जो स्थानीय स्वास्थ्य आवश्यकताओं को वैश्विक मानकों से जोड़ते हैं.

## एक नजर में



### जनसंपर्क अभियान एमपी के चेयरमैन बने गर्ग

**भोपाल.** अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन विश्व स्तर पर समस्त अग्र बंधुओं को एक मंच पर लाने की दिशा में कार्य करने वाला एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय संगठन है. मध्यप्रदेश में भी संगठन विस्तार करते हुए होरीलाल गर्ग को अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के जन-सम्पर्क अभियान मध्यप्रदेश इकाई के चेयरमैन के पद पर राजकुमार मित्तल अध्यक्ष (अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष) द्वारा मनोनीत किया गया है. उन्हें नवनीत अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, प्रदीप सर्राफ, मंजू गुप्ता, गणेश कुमार भरतिया, राजाराम बंसल, ओपी बंसल, हरिओम गुप्ता ने बधाई दी है.

### बाबा बटेश्वर ने चंद्रमोलेश्वर स्वरूप में दिए दर्शन



**भोपाल.** श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा श्रावण मास महोत्सव के तहत अंतिम बुध प्रदोष पर चंद्रमोलेश्वर स्वरूप में बाबा बटेश्वर का दिव्य श्रृंगार किया गया. समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया भगवान चंद्रमोलेश्वर के मस्तक पर चंद्रमा सुशोभित कर संतान प्राप्ति एवं बुध ग्रह के प्रभाव को कम करने हेतु श्रद्धालुगणों ने पंचगव्य ,पंचामृत एवं दूध से बटेश्वर का रुद्राभिषेक किया. रात्रि 9 बजे दिव्य श्रृंगार के बाद महा आरती संपन्न हुई इस अवसर पर भजन संध्या भी हुई.



### रोटरी क्लब भोपाल हिल्स के सदस्यों ने रोपे पौधे

**भोपाल.** रोटरी क्लब भोपाल हिल्स द्वारा हरियाली अभियान के तहत पौधारोपण किया गया. आयोजन की इवेंट चेयर रोटेरियन रेनू बरनवाल और कॉर्डिनेटर रोटेरियन चरण जुनेजा रही. इस अभियान की विशेषता यह रही कि सिर्फ पौधे लगाने तक ही सीमित न रहकर, प्रकृति की विविध जरूरतों को ध्यान में रखते हुए छायादार, फलदार, औषधीय और जल संरक्षण में सहायक पौधे लगाए गए. क्लब अध्यक्ष रोटेरियन हर्ष मित्तल ने कहा कि हर पौधा भविष्य का एक निवेश है. सचिव रोटेरियन कमल वाधवानी ने इसे क्लब का पर्यावरण के प्रति समर्पण बताया. सदस्यों ने पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी भी ली. जिससे यह हरियाली स्थायी बने.




# शिक्षा समग्र व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है : भटनागर

**निटर में शिक्षकों के लिए पंचकोशी शिक्षा पर विशेष व्याख्यान**

**भोपाल, 6 अगस्त. राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर), भोपाल में बुधवार को शिक्षकों के लिए पंचकोशी शिक्षा विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अवनीश भटनागर, अखिल भारतीय उपाध्यक्ष, विद्या भारती थे.**

उन्होंने भारतीय शिक्षा दर्शन में वर्णित पंचकोशीय अवधारणा को विस्तार से प्रस्तुत करते हुए बताया कि कैसे एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों को शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक और आत्मिक स्तरों पर सशक्त बना सकता है. भटनागर ने समझाया कि शिक्षा केवल सूचना देना नहीं, बल्कि एक समग्र व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है. उन्होंने बताया दुनिया में ट्रेड का ग्लोबलाइजेशन होता है लेकिन भारत वसुधेव कुटुंबकम के विचार का ग्लोबलाइजेशन करता है. संस्थान के निदेशक ने डॉ. भटनागर का आभार प्रकट किया और कहा कि संस्थान भविष्य में पंचकोशी शिक्षा पद्धति को शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का हिस्सा बनाने की दिशा में कार्य करेगा. कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. पी. के. पुरोहित ने कहा कि यह व्याख्यान न केवल एक शैक्षणिक संवाद था, बल्कि शिक्षकों के आंतरिक चेतना के जागरण का माध्यम भी बना. यह दृष्टिकोण आज के शैक्षणिक परिप्रेक्ष्य में अत्यंत प्रासंगिक है. कार्यक्रम का संचालन बबली चतुर्वेदी ने किया.

# प्रबंध संचालक से मिला प्रतिनिधिमंडल

**भोपाल.** मप्र राज्य लघु वनोपज संघ की महिला प्रबंध संचालक (एमडी) सुमीता राजोरा से प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की. बुधवार को प्रतिनिधिमंडल में अशोक पांडे, घनश्याम कटारे, राजेश कुशवाहा, रामचरण अहिरवार, राजकुमार सिंह, दिलीप नाथानी, ओम प्रकाश मिश्रा, मनोज मालवीय, राजेंद्र यादव सहित सदस्य शामिल हुए.

इस मौके पर मप्र कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष ने बताया कि राज्य लघु वनोपज संघ में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने एवं विन्ध्य हर्बल के उत्पादकों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए सरकार ने पहली बार राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक एमडी के पद पर महिला आईएफएस अधिकारी को पदस्थ किया है.



## राजपूत महिलाओं ने मनाया तीज उत्सव

**भोपाल, 6 अगस्त.** रॉयल केसरिया द राजपूत ग्रुप की महिलाओं द्वारा बुधवार को तीज उत्सव मनाया गया. इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए.

# हज के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आज

**भोपाल.** हज-2026 यात्रा के लिए मप्र से जाने वाले गुरूवार को अंतिम दिन आवेदन कर सकेंगे. राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष रफत वरसी ने इस पर जानकारी साझा की है. उन्होंने बताया कि यात्रियों द्वारा अब तक 9226 ऑनलाइन आवेदन किए जा चुके हैं. ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 अगस्त निर्धारित है. ऐसे में जो भी हज यात्रा पर जाना चाहते हैं, वे समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लें. हज कमेटी कार्यालय (हज हाउस, भोपाल) द्वारा बताया गया है कि आवेदन पोर्टल पर किए जा सकते हैं. इस प्रक्रिया में पासपोर्ट, फोटो, बैंक डिटेल्स व अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने होते हैं.

# बच्चों को बांटा प्रोटीन पावडर



**गोविंदपुरा सेवा विद्या मंदिर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर**

**भोपाल 6 अगस्त सेवा भारती एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्ववाधान में गोविन्दपुरा (सुभाष मण्डल) स्थित सेवा विद्या मंदिर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्धघाटन शिवमंगल सिंह अध्यक्ष सेवा भारती महानगर ने भारत माता के समक्ष पुष्प अर्पण करते हुए किया.**

इस दौरान उन्होंने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और खान-पान में पोषण आहार दैनिक जीवन में लेने का आह्वान किया. मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित जनों को विशेषज्ञों द्वारा सीपीआर देने का प्रशिक्षण दिया गया एवं सभी बच्चों से अभ्यास कराया गया. कार्यक्रम में डॉक्टरों द्वारा 98 स्कूली बच्चों के नेत्र एवं दांतों का परीक्षण कर प्रोटीन पावडर, स्वच्छता किट का निशुल्क वितरण किया गया. कार्यक्रम में एएसजी नेत्रालय टीम, करण सिंह, डॉ. राम अवतार यादव, डॉ. भारती सोनी, डॉ. अमृता सिंह, प्राचार्य पंकज, दिनेश आर्य, डॉ. सत्येंद्र बघेल, मोहन लोधी आदि उपस्थित रहे.

# विज्ञान और प्रबंधन विकास के लिए जरूरी : डॉ .पाटिल

## आरएनटीयू में वर्तमान में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन की प्रगति पर अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस



**भोपाल, 6 अगस्त. रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में वर्तमान में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन की प्रगति ( ढ्ढष्टन्न्स्ञ्जरू ) विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ विश्वविद्यालय परिसर में हुआ. इस सम्मेलन का आयोजन सोसाइटी फॉर एडवांस्ड रिसर्च इन प्लांट साइंस, नर्मदापुरम् एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है.**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. प्रमोद पाटिल, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, वनस्पति शास्त्र, भोपाल विशेष रूप से उपस्थित थे. साथ ही हंगरी से डॉ. इस्तवान फेकेते, रिसर्च मेथड्स एंड स्टैटिस्टिक्स इन साइकोलॉजी, संयुक्त अरब अमीरात से डॉ. सुहैब मलिक, ब्रिटिश इंटरनेशनल स्कूल, अजमान, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रवि प्रकाश दुबे, कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी, सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. रुचिता श्रीवास्तव, एवं विज्ञान संकाय की डीन डॉ. पूर्वी भारद्वाज भी विशेष रूप से मंच पर उपस्थित रहीं.

> मुख्य अतिथि डॉ. पाटिल ने कहा कि आज के युग में विज्ञान, तकनीक और प्रबंधन का समन्वय ग्रामीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंच छात्रों को वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं. अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से ही भारत को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है. डॉ. इस्तवान फेकेते ने कहा कि विज्ञान, तकनीक और प्रबंधन आज की दुनिया को आकार देने वाले तीन प्रमुख स्तंभ हैं.

**रक्षाबंधन का बाजार** | **जिलों के आईं स्वसहायता समूहों की महिलाओं ने लगाए स्टाल**

# भोपाल हाट में गोबर से बनी राखियां भी हैं उपलब्ध



**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 6 अगस्त. भोपाल हाट में राखी मेले का आयोजन आगामी 7 अगस्त तक किया जा रहा है. हाट में विभिन्न जिलों से आए समूहों ने अपने-अपने स्टाल लगाए हैं. राखी मेला हाट में समूहों की महिलाओं द्वारा हाथ से बनाई गई राखियां लोगों को पसंद आ रही है. रक्षा बंधन के बाद जन्माष्टमी का त्यौहार आ रहा है. भोपालवासियों को लगाए गए स्टालों में झूले, मिट्टी के बर्तन सहित अन्य तरह के सामान एक ही स्थान पर मिल रहे हैं.**

विदिशा जिले से आई राधा वास्हल समूह की संचालक लक्ष्मी पाल ने राखियों के स्टाल लगाए हैं. उनके स्टाल में लगी राखियों में गोबर की कलाकृतियों में बनाए गए लक्ष्मी, गणेश सहित देवी देवताओं को दर्शाया गया है. गोबर की बनी यह राखियां महिलाओं का बेहद पसंद आ रही हैं. जिनकी कीमत भी बहुत कम रखी गई है. इसके साथ ही हांथों से बनाई गई ओरिजनल राखी भी उनके पास उपलब्ध है. भोपाल की कलाकृति समूह की संचालक आकृति दुबे ने अपने स्टॉल में भैया-भाभी स्पेशल राखी के बारे में विस्तार से बताया. आकृति के अनुसार इस राखी में भाई और भाभी के लिए खास तौर पर डिजाइन की गई राखियों को प्रस्तुत किया गया है.

> छिंदवाड़ा के समूह श्री शक्ति सीएलएफ की संचालक कानिया कुरैशी ने बताया कि भोपाल में लगाए गए स्टाल से उन्हें सकारात्मक फीडबैक मिल रहा है. बैतूल से मां ताप्ती स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं पूनम वाल्या और दुर्गा पटेल ने हाथ से बने सामानों को लेकर जानकारी साझा की. उन्होंने बताया कि लोगों को सामग्री पसंद आ रही है. खरीदारी करने आई महिलाओं रेखी सिंह और आशा देवी ने बताया कि हाट में मिलने वाली राखियां सहित सभी सामग्री उचित दर पर मिल रही हैं.

# हिन्दी में श्रेष्ठ कार्य करने पर सम्मानित

**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में मिथिलेश कुमार ने कहा**

**भोपाल, 6 अगस्त. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति उपक्रम भोपाल की 52 वीं अर्धवार्षिक बैठक मिथिलेश कुमार अध्यक्ष नराकास (उपक्रम) भोपाल की अध्यक्षता, नरेंद्र सिंह मेहरा उप निदेशक (कार्यान्वयन) राजभाषा विभाग के मुख्य आतिथ्य, विशेष गढ़पाले आईएएस, महाप्रबंधक भारतीय खाद्य निगम के विशिष्ट आतिथ्य व आनंदकृष्ण, सचिव नराकास के संयोजन में सम्पन्न हुई.**

आईएएस गढ़पाले ने कहा कि हिन्दी में काम करके हम आम जनमानस तक आसानी से पहुँच बना सकते हैं. सचिव आनंदकृष्ण ने बताया कि यह वर्ष नराकास का रजत जयंती वर्ष, राजभाषा विभाग का स्वर्ण जयंती वर्ष और राजभाषा का अमृत वर्ष है. यह समय राजभाषा के क्षेत्र में अकल्पनीय विकास के साथ उज्वल भविष्य का पथ प्रशस्त करता है. उन्होंने हिंदी में उपलब्ध तकनीकी सुविधाओं के बारे में भी बताया .मिथिलेश कुमार ने कहा कि नए युग में हिन्दी में तकनीकी सुविधाओं का विकास तेजी से हो रहा है. हिन्दी समय के साथ कदम मिला कर चल रही है . इन तकनीकी सुविधाओं का उपयोग करना बहुत आसान है.

> इस अवसर पर श्रेष्ठ कार्य के लिए प्रथम पुरस्कार भारत संचार निगम लिमिटेड व हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, द्वितीय भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड व वाप्कोस लिमिटेड तृतीय पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड व राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम लिमिटेड प्रोत्साहन पुरस्कार इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड एनएचडीसी लिमिटेड, आईआरसीटीसी, गेल (इंडिया) लिमिटेड, राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम व न्यू भोपाल टेक्सटाइल मिल्स को प्रदान किए गए .